शनिवार

04 जून 2022



पृष्ठ 4

कई मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का विकल्प बन सकता है फेस ऑयल



पृष्ठ 5

सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं रवीना




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 123
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00


### आज का विचार

आपत्तियाँ मनुष्यता की कसौटी हैं। इन पर खरा उतरे बिना कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता।
– पं. रामप्रताप त्रिपाठी

# दून वैली मेल


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


## मित्र पुलिस का कमाल

# सिपाहियों ने पीटा थानाध्यक्ष

विशेष संवाददाता

देहरादून। अगर किसी थाने के सिपाही अपने ही थाने के थानाध्यक्ष को पीट दे वह भी इतनी बुरी तरह कि उसे हायर सेंटर रेफर करना पड़े तो इस पर आप हैरान जरूर होंगे। आपको इससे भी अधिक हैरानी तब होगी जब पीटने वाला थानाध्यक्ष ऐसा व्यक्ति हो जो मरने के बाद अपनी देहदान कर चुका हूं। जी हां लेकिन यह हैरान करने वाली घटना कहीं और नहीं जनपद देहरादून की ही है।

जनपद देहरादून के त्यूनी में तैनात कुछ सिपाहियों ने यहां तैनात थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार को इतना पीटा कि उन्हे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार द्वारा थाने के मुंशी को निर्देश दिए कि अमुक दो सिपाहियों को रात्रि गश्त में भेजा जाए। मुंशी ने जब इन सिपाहियों की ड्यूटी गस्त में लगाई तो उनमें से एक सिपाही ने गस्त पर जाने से इंकार कर दिया। इस बात को लेकर हुए वाद-विवाद में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि सिपाहियों ने थानाध्यक्ष के साथ मारपीट कर डाली। पीड़ित थानाध्यक्ष का कहना है कि दो सिपाहियों ने उनके हाथ पकड़ लिए तथा तीसरा सिपाही उन्हें मारता रहा।



❑इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर
❑पुलिस कप्तान ने बैठाई जांच

इस मारपीट में थानाध्यक्ष को गंभीर चोटें आई हैं तथा उन्हें पहले त्यूनी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पीड़ित थानाध्यक्ष द्वारा इस घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है जिस पर पुलिस कप्तान जनमेजय खंडूरी द्वारा जांच बैठा दी गई है। सवाल यह है कि जो पूरे समाज को कानून और अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाला महकमा है उस पुलिस विभाग में कानून और अनुशासन की क्या स्थिति है यह घटना इसका एक उदाहरण है। दोषी सिपाहियों के खिलाफ जांच में क्या सामने आता है या विभागीय अधिकारी उन्हें क्या दंड देते हैं यह तो बाद की बात है लेकिन फिलहाल इस घटना पर लोग पुलिस पर हंस रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार वही व्यक्ति हैं जिन्होंने अभी कुछ समय पहले मेडिकल छात्रों की पढ़ाई के लिए अपनी देह दान करने की घोषणा की थी। जिसके लिए पुलिस विभाग में उनकी खूब सराहना भी हुई थी।

# देहरादून का पारा 40 के पार, गर्मी ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड

●10 जून से पहले नहीं मिलेगी राहत
●एक सप्ताह तक गर्मी बढ़ने के आसार

विशेष संवाददाता

देहरादून। मई माह में प्री मानसूनी बारिश के कारण सुहाने मौसम का आनंद लेने वाले दून वासियों को बीते दो-तीन दिनों से भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आसमान से आग बरस रही है और गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान हैं। दून का तापमान हर दिन नई ऊंचाई को छू रहा है तथा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। पारे ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अपडेट में कहा गया है कि अगले एक हफ्ते तक अभी पारे में लगातार वृद्धि जारी रह सकती है क्योंकि राज्य में इस दौरान बारिश के कोई आसार नहीं है। राज्य की राजधानी सहित तमाम मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी का कहर जारी है और लोग नदियों तथा जल स्रोतों की ओर दौड़ रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि दिन निकलते ही सूरज से आग बरसना शुरू हो जाता है। तथा दोपहर तक सड़कों पर निकलना मुश्किल हो रहा है। तेज लू चलने से लोगों में उल्टी दस्त तथा डायरिया की शिकायतें हो रही है।

इस बदले मौसम का प्रभाव पहाड़ के ऊंचाई वाले हिस्सों में भी दिखाई दे रहा है। मई माह में वर्षा और बर्फबारी के कारण सिहरते पहाड़ों पर भी अब मौसम गर्म हो गया है जिससे चार धाम यात्रा पर जाने वाले लोगों को सर्दी से राहत मिली है लेकिन इसके साथ ही मई में बारिश के कारण शांत हुई वनाग्नि एक बार फिर भड़कने लगी है। अल्मोड़ा व चमोली के जंगलों में कई जगह भीषण आग लगी हुई है जो तापमान को और बढ़ा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी मानसून उत्तराखंड में कब पहुंचेगा इसकी कोई तारीख तय नहीं हो सकी है लेकिन अगले 10 जून तक प्रदेश में हल्की या भारी बारिश की कोई उम्मीद नहीं है तथा पारे के चढ़ने की संभावना है।


## अनंतनाग मुठभेड़ में मारा गया हिज्बुल कमांडर निसार खाडे, 3 सैनिक घायल

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में रात भर चली मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन का एक स्वयंभू कमांडर मारा गया, जबकि तीन सैनिक और एक आम नागरिक घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, श्प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन का आतंकवादी कमांडर एचएम निसार खांडे मारा गया। आपत्तिजनक सामग्री, एक एके ४७ राइफल सहित हथियार और गोला–बारूद बरामद। अभियान जारी है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ शुक्रवार शाम अनंतनाग के ऋषिपुरा इलाके में शुरू हुई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के साथ शुरुआती गोलीबारी में तीन सैनिक और एक आम नागरिक घायल हो गया। प्रवक्ता ने कहा, सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए श्रीनगर में ९२ बेस अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गौरतलब है कि आतंकवादियों ने अगलार जैनापोरा इलाके में भी ग्रेनेड फेंका, जिससे दो गैर–स्थानीय लोग मामूली रूप से घायल हो गए। शोपियां पुलिस के मुताबिक घटना के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।



## देश में आज फिर आए कोरोना के 4 हजार के करीब नए मामले, एक्टिव केस 22 हजार के पार

नई दिल्ली । भारत में एक बार फिर कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। देश में लगातार तीसरे दिन ३ हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं, जबकि बीते दिन कोरोना के ४ हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे। नए मामलों में हो रही बढ़ोतरी के चलते एक्टिव केस का आंकड़ा २२ हजार की संख्या को पार कर गया है। इसके साथ ही लंबे अंतराल के बाद मरने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।



केंद्रीय स्वस्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी किए गए उपडेट के मुताबिक, भारत में पिछले २४ घंटों में ३,९६२ लोग कोरोना संक्रमण की चपेट में आए, जबकि इस दौरान २६ लोगों की मौत हुई है। एक लंबे अंतराल के बाद मौत के आंकड़े में ये बड़ा उछाल हुआ है।

कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद अब तक का संक्रमित लोगों का आंकड़ा बढ़कर ४,३१,७२,५४७ हो गया। वहीं २६ नए मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या भी बढ़कर ५,२४,६७७ पहुंच गई। बीते एक दिन में कोरोना से रिकवर करने वाले लोगों की संख्या २,६९७ रहने के बाद अब तक ठीक हो चुके लोगों की संख्या भी ४,२६,२५,४५४ हो गई है।

वहीं बात करें देश में मौजूदा एक्टिव केस की तो इस समय एक्टिव केस की संख्या २२,४१६ बनी हुई है, जो कुल मामलों का ०.०५ प्रतिशत है। इसके साथ ही कोरोना महामारी के खिलाफ जारी टीकाकरण के तहत अब तक एंटी कोविड वैक्सीन की १,६३,९६,४७,०७१ डोज़ दी जा चुकी हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# धार्मिक उन्माद का रंग

देवभूमि उत्तराखंड की राजनीति पर भी अब धार्मिक उन्माद का रंग चढ़ना शुरू हो गया है। बीते कल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा द्वारा दिए गए बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर अवैध मजारो की जांच की बात होगी तो मठ मंदिर और अन्य धर्म स्थलों की भी जांच की मांग उठेगी इसलिए बेहतर यही है कि भाजपा ऐसे मुद्दों को न छेड़े जिनसे सांप्रदायिक माहौल खराब हो सकता है। उनके इस बयान पर पर्यटन मंत्री की प्रतिक्रिया आई है कि जांच उसकी होती है जिसके बारे में सरकार के पास कोई शिकायत आती है। बात चाहे कोई मजार की हो या फिर मठ या मंदिर की। उन्होंने इस बात पर आपत्ति की है कि करन माहरा का यह कहना ठीक नहीं है कि अनेक मठ व मंदिर भी अवैध तरीके से बने है। धर्म और धार्मिक भावनाओं से जुड़ा कोई भी मुद्दा कितना संवेदनशील होता है इसे बताने की जरूरत नहीं है। अभी उत्तराखंड राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी खेमे से जो मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने का शिगुफा उछाला गया था उसकी कीमत कांग्रेस को अपनी हार से चुकानी बड़ी इस बात को कांग्रेसी नेता भी मानते हैं। भले ही धर्म राजनीति का विषय न हो लेकिन वोट का विषय जरूर है, यही कारण है कि देश की राजनीति के मुद्दों से न तो जाति और धर्म को अलग रखा जा सकता है और न मठ-मंदिर और मस्जिद को अलग किया जा सकता है। बीते कल कानपुर में जो हिंसा और पथराव की घटना हुई उसके पीछे भी धर्म और आस्था का ही मुद्दा था। बात चाहे काशी की हो या अयोध्या और मथुरा की अथवा ताजमहल और कुतुब मीनार की हो या फिर ज्ञानवापी की। घूम फिर के धर्म और संप्रदाय या जाति से जुड़े यह तमाम मुद्दे वोट से ही जाकर जुड़ते हैं। राजनीतिक दलों की भीड़ में इसे तुष्टीकरण की राजनीति कहा जा रहा है। खास बात यह है कि सभी दल इस तुष्टिकरण की राजनीति के आदी हैं और आरोप एक दूसरे पर लगाते हैं। इस तुष्टीकरण की राजनीति के जरिए ही अपना एक वोट बैंक बनाया जाता है किसी का वोट बैंक हिंदू वोट बैंक है तो किसी का मुस्लिम। किसी का दलित वोट बैंक तो किसी का स्वर्ण वोट बैंक है। किसी का पंडित वोट बैंक है तो किसी का जाट वोट बैंक है। खास बात यह है कि हर एक वोट बैंक के धार्मिक स्थल अलग हैं और पूजा पद्धतियां भी अलग है। राजनीतिक दलों के बीच एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंधमारी के जो प्रयास किए जाते हैं उसमें धर्म और धार्मिक स्थल तथा संप्रदायों का इस्तेमाल सबसे कारगर हथियार साबित होता है। आजादी के बाद से लेकर आज तक यही क्रम देश में जारी है। देव भूमि उत्तराखंड जैसे कुछ राज्य निजी तौर पर अब तक इससे दूर थे लेकिन अब धीरे-धीरे देवभूमि भी इसकी जद में आ रही है। जो चिंतनीय विषय है। क्योंकि धार्मिक उन्माद अफीम की गोली जैसा ही है।

## छबील क्यूं लगाई जाती है...!

श्री गुरु अर्जुनदेव जी को जिस दिन गर्म तवी पर बिठाया गया, उसी शाम को गुरु जी को वापिस जेल मे डाल दिया गया, और बहुत सख्त पहरा लगा दिया गया कि कोई भी गुरुजी से मिल ना सके।

उस समय चँदू लाहोर का नवाब था। जिसके हुकुम से ये सब हूआ था, उसी रात को चँदू की पत्नी, चँदू का पुत्र कर्मचंद और पुत्रवधू गुरु अर्जुनदेव जी से मिलने जेल मे गए तो सिपाहियों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया, तो चँदू की पत्नी और पुत्रवधू ने अपने सारे जेवरात उतार कर सिपाहियों को दे दिये और उस जगह पहुंच गए जहाँ गुरु जी कैद थे।....

जब चँदू के परिवार ने गुरुजी की हालत देखी तो सभी रोने लगे कि इतने बड़े महापुरुष के साथ ऐसा सलूक ?

तब चँदू की पत्नी ने कहा गुरुजी मैं आपके लिए ठंडा मिठा शरबत लेकर आई हूँ कृपया करके शरबत पी लिजिए, ये कहते हुए शरबत का गिलास गुरुजी के आगे रख दिया, तो गुरुजी ने मना कर दिया और कहा हम प्रण कर चुके हैं कि हम चँदू के घर का पानी भी नहीं पियेंगे। ये सुन कर चँदू की पत्नी की आँखें भर आई और बोली कि मैंने तो सुना है कि गुरुजी के घर से कोई खाली हाथ नहीं गया पर ?

तब गुरु जी ने वचन किया कि माता इस मुख से तो मैं तेरा शरबत नहीं पियूँगा, पर हां एक समय ऐसा जरुर आएगा जब ये जो शरबत आप लेकर आयीं हैं, आपके नाम का ये शरबत हजारों लोग पिलाएंगे और लाखों लोग पिएंगे। आपकी सेवा सफल होगी।

आज ये छबील लगाई और पिलाई जाती है ये गुरु अर्जुन देव जी का वचन है, ये है छबील का इतिहास जो देश के हर गांव और शहर में ठंडे मिठे पानी की छबीलें लगाई जाती है।

तब चँदू की पुत्रवधू ने गुरु जी से विनती की,कि महाराज कल आपको शहीद कर दिया जयेगा, मेरी आपसे एक ही विनती है कि कल जब आप ये शरीर रुपी चोला छोड़ो तो मैं भी अपना शरीर छोड़ दूँ,मैं लोगों के ताने नहीं सुन सकती कि वो देखो चँदू की पुत्रवधू जा रही जिसके ससुर ने श्री गुरू अर्जुन देव जी को शहीद किया था। अगले दिन जब गुरु जी को शहीद किया गया तो चँदू की पुत्रवधू भी शरीर त्याग गई।

ये होता है अपने गुरु से सच्चा प्यार और गुरु के प्रति श्रध्दा।

बातों से कभी ईश्वर नहीं मिलता, यहां तो ६०-६० साल के बुर्जुग भी मरने को तैयार नहीं, पर धन्य है चँदू की पुत्रवधू।

साभारः सोशल मीडिया

# 'वन पंचायत की भूमि में उगने वाले भांग को सरपंच अभियान चलाकर नष्ट करेंगे'

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। वन पंचायतों की भूमि में स्वतः उगने वाले भांग को नष्ट करने के लिए वन पंचायत सरपंचों के साथ रणनीति बनाई गई। जिला पंचायत के सरमोली वार्ड के २५ ग्राम पंचायतों को चरस मुक्त बनाने के लिए जारी अभियान के क्रम में वन विभाग को भी इसका सांझीदार बना दिया गया है।

विकासखंड के सभागार में आज जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की उपस्थिति में २५ ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि वन पंचायत की भूमि में हर साल खुद ही उगने वाले भांग को सरपंच अपने नेतृत्व में अभियान चलाकर नष्ट करेंगें।

वन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है,कि वे समय-समय पर वन पंचायतों का निरीक्षण करेंगे।

बैठक में वन पंचायत के सरपंचों को यह जिम्मेदारी देते हुए कहा कि अगर किसी भी वन पंचायत में भांग के पौध मिले तो वन पंचायतों के खिलाफ विधिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि नागरिक, राजस्व पुलिस के साथ ही वन विभाग को भी इस क्षेत्र को भांग मुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि जो वन पंचायत भांग मुक्त के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी, तो उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

वन विभाग के वन दरोगा त्रिलोक सिंह राणा ने कहा कि विभाग की ओर से २५ ग्राम पंचायतों के सरपंचों को पत्र देकर इसकी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। इसके लिए अतिरिक्त वन कर्मियों को लगाने की आवश्यकता होगी तो तैनात किया जाएगा।

बैठक में वन पंचायत के सरपंच खुशाल हरकोटिया, हरीश सयाना, कैलाश मर्तोलिया, भगवान सिंह, नारायण सिंह मर्तोलिया ने विचार व्यक्त किए।

# मारपीट कर बस के शीशे तोडने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। कम्पनी की बस में सवार कर्मचारियों से मारपीट कर बस के शीशे तोड़ने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटकुल हरिद्वार निवासी विक्रम सिंह ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी कम्पनी में करीब 25 कर्मचारी अपनी ड्यूटी शिफ्ट टाइम 3 बजे से रात्री 11 बजे करके कम्पनी की बस से अपने घर जा रहे थे। जब कम्पनी की बस मोतीचूर फ्लाईओवर के नीचे पहुची जो कि अपनी सही दिशा से धीमी गति से सावधानी पूर्वक चल रही थी जिसे श्रवण बस ड्राइवर चला रहा था। फ्लाईओवर के नीच तेजी वा लापरवाही से एक स्कूटी चालक जो की अत्यधिक नशे की हालत में था ने कंडक्टर साइड में आकर टक्कर मार दी । बस ड्राइवर ने अपनी सतर्कता बरत्ते हुए बस को रोक दिया । बस मे बाहर की ओर व अन्दर की ओर कैमरे लगे हुए है जैसे ही बस ड्राइवर व कम्पनी कर्मचारी स्कूटी चालक का हालचाल पूछने लगे तभी अचानक स्कूटी चालक ने फोन करके अपने करीब 25 से 30 साथी बुला लिये और कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी जिससे कर्मचारियों भागकर अपनी जान बामुश्किल बचा पाए। बस का फ्रन्ट का वह कन्डक्टर साइड का शीशा तोड़ कर भी बस को नुकसान पोहचाया गया। उक्त सारी घटना बस में लगे बाहर के कैमरे में सुरक्षित है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरों ने घर में घुसकर की लैपटाप व मोबाइल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घर में घुसकर तीन मोबाइल व लैपटाप चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरी बाग चौक निवासी सौरभ सिंह बिष्ट ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज सुबह छह बजे उनके कमरे मे घुसकर एक व्यक्ति ने 3 मोबाइल और एक लैपटाप चोरी किया है जिसकी पूरी विडियो कैमेरे में रिकार्ड है । घटना की जानकारी पता चलते ही उसने 100 नंबर पर बात करके पुलिस कर्मियो को सूचित कर दिया । जो कुछ भी घटना घटित हुई है उसकी विडियो कैमरे में रिकार्ड है।

प्राग्नये विश्वशुचे धियंधेऽसुरघ्ने मन्म धीतिं भरध्वम।
भरे हविर्न बर्हिषि प्रीणानो वैश्वानराय यतये मतीनाम्।।

(ऋग्वेद ७-१३-१)

हम समस्त संसार को प्रदीप्त करने वाली अग्नि की आराधना करते हैं। जो पवित्र विचारों की प्रेरणा स्रोत है और पापवृत्ति का विनाश करती है। हमें उत्तम कर्मों द्वारा उसको हवि प्रदान करनी चाहिए।

We worship the Agni that illumines the whole world. Who is the source of inspiration for holy thoughts and destroys sinful tendencies. We should offer him our Havi by way of good deeds.

(Rig Veda 7-13-1)

# भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन सहित एक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उनके पास से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है। आरोपी का एक साथी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज एसओजी उधमसिंहनगर व एडीटीएफ टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी व एडीटीएफ टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया।

इस दौरान बराड़ कालोनी तिराहा रामपुर के समीप कार सवार एक नशा तस्कर गुरुपालसिंह उर्फ मंगा पुत्र सुखविन्दर सिंह निवासी जगतपुरा ट्रांजिट कैंप आता हुआ दिखायी दिया। टीम द्वारा जब उसे रोक कर कार की तलाशी ली गयी तो उसमें रखे 1473 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। जिनकी कीमत पांच लाख रूपये बतायी जा रही है। पूछताछ में गुरुपाल सिंह उर्फ मंगा द्वारा बताया गया कि वह काफी समय से नशे का कारोबार कर रहा है ।

पकड़े गये नशे के इंजेक्शनों के बारे में बताया कि वह पकड़े गये इंजैक्शन सरफराज उर्फ मामू पुत्र मौ. असफाक निवासी तेवरखास थाना बिलारी जिला मुरादाबाद से लेकर आया है। पुलिस अब सरफराज उर्फ मामू की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की बहाली को लेकर धरना व उपवास जारी




संवाददाता

देहरादून। आज शहीद स्मारक देहरादून में पीड़ित राज्य आंदोलनकारी मंच के तत्वावधान में राज्य आंदोलनकारियों को देय १० प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की बहाली को लेकर जारी धरना/उपवास चौथे दिन भी जारी रहा।

आज उपवास पर पंकज रावत,विकास नगर से राम किशन,देव नौटियाल, चिन्यालीसौड़ से पंकज रावत, हल्द्वानी से मनोज जोशी, उमेश जोशी कोटद्वार से क्रांति कुकरेती देहरादून से अम्बुज शर्मा,विकास रावत, लैंसडाउन से सुशील बौंठियाल बैठे।

आज शहीद स्मारक में आंदोलन को समर्थन देने सेवारत आंदोलनकारी कर्मियों में डॉ महावीर सजवाण उद्योग विभाग तथा आबकारी विभाग के श्री शिव प्रसाद भी पहुंचे। डॉ सजवाण ने आंदोलन को आंदोलनकारियों की अपरिहार्यता बताते हुये सरकार से अपील की कि आंदोलनकारियों की न्यायोचित माँग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे।

आज के आंदोलन को समर्थन देने आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती, सुशील विरमानी, नित्यानंद बंगवाल,प्रताप सिंह चौहान, प्रमोद पन्त, महिला मंच से द्वारिका बिष्ट, शिव देइ बुटोला, शांति बुटोला, विनोद असवाल, धर्मानन्द भट्ट, अर्जुन सिंह, प्रभात डंडरियाल, आदि थे।

# तीन दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने तीन स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महंत परशुराम मार्ग निवासी मुकेश चौहान ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी एक्टिवा घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। वहीं शिवपुरी कालोनी निवासी इकरामुददीन ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके घर के अन्दर खडी उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इसके साथ ही यमुना कालोनी निवासी रतनेश बिष्ट ने भी कैण्ट कोतवाली में अपने घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नाबालिग से छेडछाड में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिग का पीछा कर उसके साथ छेडछाड करने के मामले में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आमवाला नालापानी निवासी व्यक्ति ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी नागल हटनाला दो बच्ची रोड जा रही थी तभी कालिदास रोड निवासी लक्ष्मण सिंह ने साईकिल से उसका पीछा किया और उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसके साथ छेडछाड की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# दुर्लभ प्रजाति के सांप के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के सांप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने नया गांव पेलियों के पास चैकिंग के दौरान एक बुलेट मोटरसाईकिल को रूकने का इशारा किया तो मोटरसाईकिल सवार मौके से भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से दुर्लभ प्रजाति (सल्लू सांप) का सांप बरामद कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सौरभ पुत्र रमेश निवासी नागल माफी थाना मिर्जापुर व आशू पुत्र महिलपाल निवासी सहारनपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# कार्डधारकों को महंगी दाल देकर लूट रही है सरकारः मोर्चा

नगर संवाददाता



विकासनगर। सरकार प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को जबरन प्रतिमाह दो किलो दाल चना 57 रूपये प्रति किग्रा देकर मुफ्त में प्रदेश की जनता पर अहसान जता रही है, जबकि खुले बाजार में दाल चना का भाव फुटकर में 50-52 रूपये प्रति किग्रा है।

पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात आज जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी द्वारा कही गयी। उन्होने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे कम संसाधन वाले राज्य प्रदेश के एनएफएसए कार्ड धारकों को 33 रूपयं प्रति किग्रा एवं एपीएल को 43 रूपयं प्रति किग्रा दाल चना वितरण कर रही है। हिमाचल सरकार कई अन्य वस्तुएं बहुत कम रियायती दरों पर कार्ड धारकों को मुहैया करा रही है, जोकि जनता को बहुत बड़ी राहत है। लेकिन हमारी लोकप्रिय सरकार जनता को रियायत देने के बजाय लूटने का काम कर रही है। दोनों प्रदेश को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन से ही दाल की आपूर्ति कराते हैं। सरकार को थोड़ा- बहुत अनुसरण हिमाचल सरकार का करना ही चाहिए। नेगी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि राशन दुकानों हेतु आपूर्ति होने वाली दाल एवं बाजार में उपलब्ध होने वाली दाल के मूल्यों की समीक्षा कराए, जिससे सरकारी धन (सब्सिडी के रूप में) लुटने से बच सके एवं जनता भी लुटने से बच सके।

**❑दाल चना 57 रूपये प्रति किग्रा दिया जा रहा कार्ड धारकों को**
**❑बाजार भाव चल रहा पफुटकर में 50-52 रूपये प्रति किग्रा**

उन्होने कहा कि मोर्चा शीघ्र ही इस मामले को शासन के समक्ष रखेगा। पत्रकार वार्ता में दिलबाग सिंह, नारायण सिंह चौहान व अमित जैन मौजूद थे।

# एसएसपी के फर्जी हस्ताक्षर कर लगाया छुट्टी का प्रार्थना पत्र, हुआ निलम्बित

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। रूद्रपुर पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही ने छुट्टी के प्रार्थना पत्र पर एसएसपी के ही फर्जी हस्ताक्षर कर दिये। प्राथमिक जांच में पुष्टि के बाद एसएसपी द्वारा आरोपी सिपाही को निर्लबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी सिपाही राकेश कुमार पिछले दस सालों से रुद्रपुर पुलिस लाइन में तैनात है।

बताया जा रहा है कि बीती 29 मई को राकेश द्वारा घर पर आवश्यक कार्य के लिये एसएसपी के नाम 14 दिन के अवकाश का प्रार्थना पत्र लिखा, लेकिन इस पर अवकाश स्वीकृति के लिए खुद ही एसएसपी के हस्ताक्षर कर दिये। जिसके बाद जवान ने यह प्रार्थना पत्र पुलिस लाइन के जीडी मुंशी को सौंप दिया। जीडी मुंशी को एसएसपी के हस्ताक्षर संदिग्ध लगे, तो उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक वेदप्रकाश भट्ट को यह प्रार्थना पत्र दिखाया। प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ कि एसएसपी के हस्ताक्षर फर्जी हैं। रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गयी। इस पर संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने बीते कल सिपाही राकेश को निलंबित कर दिया गया है।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डालनवाला कोतवाली पुलिस ने दिलाराम चौक के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 18 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम शुभम पुत्र नारायण सिंह निवासी नागेश्वरा मन्दिर डाकरा कैण्ट बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्थाई खाद्य पूर्ति निरीक्षक की नियुक्ति को लेकर प्रदर्शन

बेरीनाग (संवाददाता)। थल के खाद्यान्न भंडार में तैनात खाद्य पूर्ति निरीक्षक का १६ दिन पूर्व स्थानांतरण हो जाने से यहां लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। लोगों के राशन कार्ड में नए यूनिट जोड़ने,कार्ड से नाम हटाने के साथ ऑन लाइन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों का गुस्सा इस बात को लेकर सातवें आसमान में पहुंचा हैं कि जिला प्रशासन और खाद्य विभाग ने एक तो बिना प्रति नियुक्ति के उसे यहां से कार्यमुक्त करते हुवे गोदाम का अग्रिम चार्ज थल तहसील के राजस्व निरीक्षक को दिया हैं। प्रदर्शनकारियों ने तल्खी से कहा कि चार्ज दिए गए राजस्व निरीक्षक के पास थल तहसील की छः पट्टियों के ७३ राजस्व गांव के का कार्य पहले से मौजूद हैं। बरसात शुरु होने वाली हैं।आपदा काल में वैसे ही राजस्व निरीक्षक अपने राजस्व कार्यों में व्यस्त रहेंगे। प्रदर्शन करने वाले लोगो का कहना है कि जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग की इस इस बचकानी हरकत से भड़के लोगों ने थल में जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुवे जोरदार प्रदर्शन किया। भड़के लोगों ने कहा यदि जिला प्रशाशन व पूर्ति विभाग ने एक सप्ताह के भीतर स्थाई खाद्य पूर्ति निरीक्षक की तैनाती नही की तो लोग सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे। पूर्व प्रधान अशोक चंद के नेतृत्व में प्रदर्शन करने वालों में बसंत लोहनी,भगवान सिंह,कमल किशोर पाठक,नारायण सिंह रावत, चंद्रशेखर चंद,भुवन गिरी,विजय चंद, देवेंद्र सिंह,गिरीश राम आदि थे।

# स्कार्पियों ने रौंदा भैंसों का झुंड, कई भैंसों की मौत, तीन लोग घायल

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के बुक्कनपुर गांव में देर रात एक तेज रफ्तार स्कार्पियों के भैसों के झुंड में टकरा जाने से जहां कई भैसों की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं तीन लोग घायल भी हुए है। जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार मुस्तफाबाद में रहने वाले वन गुज्जर समुदाय के लोग गाय-भैसों को चराने का काम करते है। बताया जा रहा है कि कल देर रात कुछ वन गुज्जर अपनी भैंसों को लेकर जंगल से गांव की ओर आ रहे थे। इस दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियों वाहन द्वारा भैंसों के झुंड को रौंद दिया गया। इस टक्कर में भैसों के झुंड के साथ चल रहे तीन व्यक्ति भी गम्भीर घायल हो गये है। जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि स्कार्पियों सवार नशे में थे जो मौके से फरार हुए है।

# विश्व साइकिल दिवस मनाया



संवाददाता

पिथौरागढ़। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विश्व साइकिल दिवस मनाया गया । नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला मुख्यालय में साइकिल रैली का आयोजन हुआ। नगर के रामलीला मैदान से शुरू हुई साइकिल रैली पर्यटन स्थल चंडाक तक पहुंची। इस दौरान युवाओं ने साइकिल रैली के माध्यम से फिटनेस का संदेश दिया। नेहरू युवा केंद्र के प्रभारी ध्रुव डोगरा ने कहा कि साइकिल हमेशा से ही भारतीय जनमानस का अभिन्न अंग रही है । आजादी के आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने दूरदराज के गांवों तक पहुंचने के लिए साइकिल को माध्यम बनाया। आज साइकिल फिटनेस का बड़ा माध्यम है। रोज साइकिलिंग कर शरीर को तंदुरुस्त रखा जा सकता है।

उन्होंने कहा है कि पेट्रो पदार्थों की सीमित मात्रा को देखते हुए साइकिल भविष्य में यातायात का एक महत्वपूर्ण साधन होगी। उन्होंने साइकिल को पर्यावरण प्रदूषण से बचाव का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बताया । इस मौके पर प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी दीपक भट्ट सहित आदि मौजूद थे। जिला युवा अधिकारी ध्रुव डोगरा ने कहा की देशव्यापी आयोजन श्रृंखला के अंतर्गत ३ जून २०२२ को विश्व साइकिल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय को इस आयोजन के जिम्मेदारी दी है। इस देशव्यापी आयोजन में आगामी ३ जून २०२२ को नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों एवं ७५ आइकॉनिक स्थानों पर साइकिल रैली का भव्य आयोजन नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा अपने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको तथा सम्बद्ध युवा क्लबों से भी सभी ब्लाकों में स्वैच्छिक आधार पर साइकिल रैली आयोजित करने का आवाहन किया।

विश्व साइकिल दिवस के आयोजन की प्रमुख गतिविधियों में वातावरण निर्माण और संदेश प्रवर्धन, फिटनेस पर जागरूकता और फ्लैग–ऑफ साइकिल रैलियां शामिल हैं। आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर युवा स्वयंसेवकों को भाग लेने और अपने–अपने गांवों और इलाकों में इसी तरह की साइकिल रैलियों का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोशल मीडिया चौनलों पर साइकिल रैलियों का राज्य के जनप्रतिनिधियों, खेलजगत, सिनेजगत, कारपोरेट जगत के लोगों को इसमें विशेष रूप से शामिल होने की अपील की गई है ताकि यह आयोजन अपने उद्देश्यों की ओर बढ़ सके।

# मोटरसाईकिल सवारों ने लूटा मोबाइल

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल सवार बदमाशों ने राहगीर से मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलक रोड निवासी राजकुमार जैन के पुत्र अभय जैन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह तिलक रोड पर पैदल फोन पर बात करता हुआ जा रहा था जब वह महावीर जैन इंटर कालेज के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे मोटरसाईकिल सवार दो युवक उसके पास आये और उन्होंने उसके हाथ पर झपटा मारकर मोबाइल लूट लिया। वह कुछ समझता उससे पहले बदमाश वहां से फरार हो गये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बिजली चोरी मे एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी उप खण्ड विकासनगर के अवर अभियंता नितिन कुमार ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अम्बाडी में एक कंस्ट्रक्शन कम्पनी में छापा मारा तो वहां पर बिजली चोरी करते पकड लिया। पुलिस ने कम्पनी के मालिक मौहम्मद कश्मीरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# कई मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का विकल्प बन सकता है फेस ऑयल



फेस ऑयल के इस्तेमाल से चेहरे को भरपूर नमी के साथ ही कई तरह के पोषक तत्व मिल सकते हैं, जिसके कारण चेहरा स्वस्थ और चमकदार नजर आता है। हालांकि, फेस ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। आप चाहें तो इसका इस्तेमाल कई तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स और स्किन केयर प्रोडक्ट्स के विकल्प के तौर पर कर सकते हैं। आइए आज फेस ऑयल से जुड़े कुछ बेहतरीन हैक्स के बारे में जानते हैं।

बतौर क्यूटिकल ऑयल करें इस्तेमाल

नाखूनों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए जितना जरूरी उनकी नियमित सफाई करना है, उतना ही महत्वपूर्ण उन पर क्यूटिकल ऑयल लगाना है। आप चाहें तो फेस ऑयल का इस्तेमाल बतौर क्यूटिकल ऑयल भी कर सकते हैं। बता दें कि क्यूटिकल ऑयल को नाखूनों से चिपकी हुई खाल पर लगाकर मालिश करनी होती है। इससे नाखून के आसपास की खाल नहीं निकलती और ये मजबूत भी बने रहते हैं।

प्राइमर की तरह लगाएं

प्राइमर एक जरूरी मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल मेकअप बेस तैयार करने के लिए किया जाता है। अगर कभी आपका प्राइमर खत्म हो जाता है या फिर यह आपको पास नहीं है तो आप फेस ऑयल को प्राइमर के रूप में भी लगा सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि मेकअप बेस के लिए फेस ऑयल की कुछ ही बूंदें चेहरे पर लगानी हैं ताकि इसके कारण चेहरा तैलीय न लगे।

मेकअप साफ करने के आए काम

अगर आपके पास मेकअप रिमूवर नहीं है तो उसके विकल्प के तौर पर भी फेस ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कॉटन पैड पर थोड़ा सा फेस ऑयल लें, फिर उससे मेकअप को हल्के हाथों से पोंछ सें। इससे आपका सारा मेकअप आसानी से हट जाएगा। फेस ऑयल न सिर्फ त्वचा की कोमलता से सफाई कर सकती है बल्कि त्वचा को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने में भी कारगर है।

रूखी त्वचा को मॉइश्चराइज करने में है मददगार

अगर कभी अचानक से आपका मॉइश्चराइजर खत्म हो जाता है तो आप अपनी त्वचा को मॉइश्चराइज करने के लिए फेस ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात तो है कि यह प्रोटीन और फैट आदि पोषक गुणों से समृद्ध होता है, जो त्वचा को ऐसे जरूरी पोषण देते हैं वो महंगे मॉइश्चराइज भी नहीं दे पाते। इसलिए आप इसका इस्तेमाल रूखी त्वचा को मॉइश्चराइज करने के लिए कर सकते हैं।

# अलीशा पंवार ने ब्लाइंड लव 3 की शूटिंग के अनुभव को किया साझा

एक्ट्रेस अलीशा पंवार इन दिनों हिमाचल प्रदेश में एक शॉर्ट फिल्म ब्लाइंड लव 3 की शूटिंग कर रही हैं। इसके बारे में बात करते हुए अलीशा कहती हैं, ब्लाइंड लव का सफर यादगार सफर रहा है। जब मैंने पहले सीजन के साथ शुरूआत की तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम तीसरे सीजन की शूटिंग करेंगे। वास्तव में किसी ने इसके बारे में नहीं सोचा था। लेकिन शुरू से ही मुझे इस शॉर्ट फिल्म की कहानी अच्छी लगी। मैंने अपने करियर में पहली बार ऐसा किरदार निभाया है।

सीरीज के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस कहती हैं कि तीसरे सीजन में हम देखेंगे कि नैना के साथ क्या होता है, क्योंकि वह रोहन के लिए रोहित को छोड़ देती है। रोहित के किरदार को लेकर फैन्स की ओर से कई कमेंट्स आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन सीजन की शूटिंग हिमाचल प्रदेश में की गई है, जो मेरा होमटाउन है।

अलीशा पंवार आगे कहती हैं, हिमाचल प्रदेश में शूटिंग करना एक शानदार अनुभव है। पहले सीजन में हमने शिमला में शूटिंग की और फिर दूसरे सीजन में हम शिलांग में थे और अब तीसरे सीजन के लिए हम चौल में हैं। हमारी सीरीज में ज्यादातर कलाकार इसी जगह से हैं।

शूटिंग के बारे में बताते हुए अलीशा कहती है कि हमारी शूटिंग के दूसरे दिन एक जबरदस्त आंधी आई। हम चौल में शूटिंग कर रहे थे, हमारी कॉटेज के ठीक पीछे एक जंगल था और सचमुच हमारे सामने जंगल में आग लग गई। हम पूरी घटना से काफी हैरान थे। फिर कुछ देर बाद बारिश होने लगी और आग बुझ गई।

# शब्द सामर्थ्य -091

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा–सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | | 5 | |
| | | 6 | | | | | 7 | 8 |
| 9 | | | | | | 10 | | |
| | | 11 | | | 12 | | | |
| | 13 | | | 14 | | | | |
| 15 | | 16 | | | | | | 17 |
| | | | | 18 | | 19 | | |
| | | 20 | | | | 21 | | |
| | 22 | | | 23 | | | | |

## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 090 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | 3 | आ | वा | जा | ही | 6 | 4 |
| मा | | खू | ब | 8 | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | 10 | ल | क्ष्य |
| 12 | न | ख | | त | र | ल | | |
| 12 | वी | रा | न | | 15 | च | ट | क |
| 17 | र | ब | 18 | आ | ज | क | ल | |
| | 17 | 21 | आ | ग | 19 | दा | ना | |
| 23 | अ | ग | र | म | ग | र | 23 | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | 26 | | व | ध |

# छवि ने अपने रेडियोथेरेपी उपचार, फिटनेस को लेकर पोस्ट साझा की

टीवी अभिनेत्री छवि मित्तल कैंसर से ठीक होने की यात्रा को अपने प्रशंसकों के साथ साझा कर रही हैं।

अब, उन्होंने रेडियोथेरेपी शुरू कर दी है और अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रेडियोथेरेपी उपचार के बारे में जानकारी साझा की है।

उन्होंने लिखा कि मशीन ठीक से काम नहीं कर रही थी और उन्हें कुछ समय इंतजार करना पड़ा, कमरा बहुत ठंडा था।

उन्होंने लिखा कि रेडियोथेरेपी का पहला दिन थोड़ा मिसमैनेज था। मशीन में खराबी थी और जब उन्होंने इसे ठीक किया, तब तक मैं ऑफिस चली गई, जब तक कि उन्होंने मुझे वापस नहीं बुलाया। मुझे बेचैनी महसूस हो रही थी। कमरा बहुत ठंडा था और मैं कांप रही थी।

उन्होंने लिखा कि आप मेरे शरीर पर जो खूबसूरत निशान देख रहे हैं, वे यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि रेडियोथेरेपी केवल सही क्षेत्रों की ओर निर्देशित है। मुझे इन्हें रेडियोथेरेपी ( 1 महीने) तक रखना है।

छवि ने आगे कहा कि वह जिम भी गई और फिर से अपनी फिटनेस रूटीन शुरू कर दिया है। आज भी मैं जिम गई थी, अब रेडियोथेरेपी करा रही हूं, और फिर मैं अपनी शूटिंग के लिए जाऊंगी।

# रवि तेजा की रामा राव ऑन ड्यूटी की रिलीज डेट बढ़ाई गई आगे

नवोदित निर्देशक सरथ मंडावा की रामा राव ऑन ड्यूटी, जिसमें रवि तेजा हैं, फिल्म में देरी हो रही है क्योंकि निर्माताओं ने अब रिलीज की तारीख को स्थगित करने के संबंध में एक आधिकारिक बयान जारी किया है। यह फिल्म 17 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि पोस्ट प्रोडक्शन में देरी के चलते फिल्म को बाद में रिलीज किया जाएगा। निर्माता जल्द ही एक नई रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे।

सच्ची घटनाओं पर आधारित एक फिल्म बनने के लिए, दिव्यांशा कौशिक और राजिशा विजयन फिमेल लीड रोल में है। अभिनेता वेणु थोट्टमपुडी की फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

फिल्म के लिए साउंडट्रैक सैम सीएस द्वारा रचित है, जबकि सत्यन सूर्यन आईएससी सिनेमेटोग्राफर हैं, और प्रवीण केएल संपादक हैं।

# हर किसी को अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का अधिकार : काजल पिसल

होमोफोबिया, ट्रांसफोबिया और बाइफोबिया को लेकर सिर्फ तुम की अभिनेत्री काजल पिसल ने खुलकर अपने विचार पेश किए। उन्होंने कहा कि हर किसी को सुंदर जीवन जीने का अधिकार है।

काजल पिसल कहती हैं, एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है, कि उनको समाज में समावेश किया जाए। ये लड़ाई उनकी नई नहीं है।

यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनको समाज में बिना भेदभाव के समावेशित करें। मुझे लगता है कि हर किसी के जीवन में संघर्ष होता है। सभी को अपना जीवन अपनी इच्छानुसार जीने का अधिकार है।

काजल पिसल ने बड़े अच्छे लगते हैं, साथ निभाना साथिया और नागिन 5 जैसे शो में काम कर दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई।

अभिनेत्री आगे कहती हैं, समाज के एक सदस्य के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हम लिंग के आधार पर भेदभाव न करें। लडका, लडकी और थर्ड जेंडर सभी समान होते है। मैं अपील करती हूं कि अगर आपके परिवार में भी कोई ऐसा सदस्य है, तो उनसे बात करने की कोशिश करें। उनका समर्थन करें।

# जुग जुग जीयो में डांस नंबर करेंगी एल्नाज नोरौजी

वरूण धवन और कियारा आडवाणी की फिल्म जुगजग जीयो में अभिनेत्री एल्नाज नोरौजी डांस नंबर करती नजर आएंगी।

आइटम सॉन्ग को लेकर एल्नाज नोरौजी ने कहा, यह गाना फिल्म का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। अनिल सर और वरुण दोनों ही बेहद ऊर्जावान हैं। शूट बहुत मजेदार था और गाना बहुत ही शानदार है। मुझे धर्म प्रोडक्शन का हिस्सा बनने पर गर्व है।

हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में आइटम सॉन्ग की झलक दिखाई गई है। जिसमें एलनाज अनिल कपूर और वरुण धवन के साथ डांस करती दिख रही हैं।

करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित जुग जुग जीयो में कियारा आडवाणी, नीतू कपूर, मनीष पॉल और प्राजक्ता कोली भी हैं।

राज मेहता द्वारा निर्देशित यह फिल्म 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं रवीना



९० के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस रवीना टंडन न सिर्फबेहद खूबसूरत हैं बल्कि फिट भी हैं। 47 साल की रवीना कई नई अभिनेत्रियों पर भारी हैं। रवीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

रवीना टंडन ने ९० के दशक में अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। पत्थर के फूल, च्लाडलाज, मोहरा जैसी फिल्मों में काम कर उन्होंने दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। गॉर्जियस रवीना के लिए यह कहा जा सकता है कि उम्र तो बस एक नंबर है।

बॉलीवुड में मस्त-मस्त गर्ल के नाम से मशहूर रवीना टंडन 47 साल की उम्र में भी बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिखती हैं।

रवीना टंडन का लेटेस्ट लुक देखकर फैंस दंग रह गए हैं। सफेद रंग की झिलमिलाती पोशाक में अभिनेत्री का मनमोहक अभिनय दिल दहला देने वाला है।

इस ड्रेस में रवीना टंडन बेहद आकर्षक लग रही हैं। खूबसूरत एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं। रवीना ने बोल्ड मेकअप के साथ अपने बालों को खुला रखा है।

शिमरी फुल स्लीव्स ब्लाउज और शिमरी पैंट के साथ काफ्तान स्टाइल टॉप रवीना टंडन की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। रवीना टंडन कई रियलिटी शो में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज के अलावा हाल ही में रिलीज हुई फिल्म केजीएफ2 में एक्ट्रेस के काम की काफी तारीफहो रही है।

# निविन पॉली-स्टारर पदवेट्टु सिनेमाघरों में रिलीज हुई

मलयालम फिल्म पदवेट्टु, जिसमें निविन पॉली, शाइन टॉम चाको, अदिति बालन, शम्मी थिलकन, मनोज ओमेन और रेम्या सुरेश हैं, 2 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

फिल्म का लेखन और निर्देशन लिजू कृष्णा ने किया है, जो इस राजनीतिक थ्रिलर के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत कर रहे हैं।

फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा पर अपना उत्साह साझा करते हुए, अभिनेता निविन पॉली ने एक बयान में कहा-यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है और पूरी कास्ट और क्रू इस बात से परे उत्साहित है कि फिल्म सितंबर में सिनेमाघरों में लगेगी। यह आशा, पुनरुत्थान और साहस के बारे में एक कहानी है और मुझे यकीन है कि दर्शकों द्वारा फिल्म को बहुत प्यार मिलेगा।

उन्होंने कहा-यह एक राजनीतिक नाटक है, लेकिन यह मानवता के धागे के बारे में भी है जो हम सभी को जोड़ता है। यह भी सामने लाता है, महान उत्पीडन के सामने मानव भावना की विजय। फिल्म उत्तरी केरल में सेट हो सकती है, लेकिन इसकी थीम में एक सार्वभौमिकता है जो इसे कई स्तरों पर संबंधित बनाती है।


अपनी फिल्म के सार के बारे में बताते हुए, निर्देशक लिजू कृष्णा ने कहा- पडावेट्टु समाज के उत्पीड़ित वर्ग आम आदमी की अथक खोज को चित्रित करने का प्रयास करता है, जो एक ऐसी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान और सही जगह को पुनरू प्राप्त करने के लिए निरंतर संघर्ष में है।

लिजू को इससे पहले इस साल मार्च में अपनी पहली फिल्म के सेट से एक महिला का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। महिला ने अपनी दुर्दशा साझा करने और मामले को सामने लाने के लिए फेसबुक का सहारा लिया था।

फिल्म के सह-निर्माता सनी वेन ने नए क्षितिज के बारे में बात की जो मलयालम सिनेमा छू रहा है, मलयालम सिनेमा ने पिछले कुछ वर्षों में एक अभूतपूर्व वृद्धि देखी है और पदवेट्टु जैसी फिल्म के लिए यूडली के समर्थन से देश भर में इसकी पहुंच का और विस्तार होगा।

उन्होंने निष्कर्ष निकालते हुए कहा- फिल्म में निविन पॉली के प्रदर्शन पर विश्वास किया जाना चाहिए और शाइन टॉम चाको, अदिति और बाकी कलाकार भी शानदार हैं। हमें बहुत खुशी है कि फिल्म ओणम के आसपास 2 सितंबर को दर्शकों तक पहुंची। हम उत्सव की शानदार शुरूआत की उम्मीद कर रहे हैं।

# अनुष्का शर्मा ने फिल्म चकदा एक्सप्रेस शूटिंग की शुरु



हिंदी सिनेमा जगत की जानी मानी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपनी अगली फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग शुरू कर दी है। ये फिल्म भारत की तेज गेंदबाज झूलन की कहानी है, जिसके लिए अनुष्का शर्मा ने बहुत मेहनत की है और कई दिनों का कोशिश के बाद झूलन के चरित्र में खुद को ढाल लिया है।

एक सूत्र ने कहा, हां, यह सच है। अनुष्का शर्मा की बहुचर्चित फिल्म चकदा एक्सप्रेस आज से शुरू हो गई है। इसे एक शानदार और रोचक फिल्म बनाने के लिए निमार्ताओं द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

सूत्र ने कहा, याद रहे कि माँ बनने के बाद अनुष्का की यह पहली फिल्म है। इसलिए, उन्हें पर्दे पर वापस देखने की बहुत उम्मीद है क्योंकि उन्होंने भारतीय सिनेमा की एक प्रमुख महिला से कुछ सबसे उल्लेखनीय प्रदर्शन दिए हैं।

सूत्रों से पता चला है कि फिल्म की शूटिंग भारत और इंग्लैंड में की जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अनुष्का क्रिकेट फिल्म के ३० दिनों के शेड्यूल की शूटिंग के लिए यूके जाएगी, जो चकदा एक्सप्रेस के बड़े पैमाने पर माउंटिंग को दर्शाता है।

ये फिल्म चकदा एक्सप्रेस झूलन की प्रेरणादायी यात्रा को दर्शाती है क्योंकि वह भारत के लिए क्रिकेट खेलने के अपने सपने को पूरा करने के लिए गलत राजनीति से उत्पन्न बाधाओं के बावजूद सीढ़ी पर चढ़ती है। और झूलन अपने लक्ष्य में सफल रही और भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की और देश में महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए आदर्श बनी।

# सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के 8 वर्ष

जगत प्रकाश नड्डा

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील एवं निर्णायक नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने सफल 8 वर्ष पूरे कर रही है। पिछले 8 वर्ष भारत के लिए एक मानक स्थापित करने वाले वर्ष रहे हैं जिसके दौरान राष्ट्र ने कई बंधनों को तोड़ा है और जातिवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की राजनीति से आगे बढ़ते हुए विकास, उन्नति, एकता और राष्ट्रवाद की राजनीति को अपनाया है।

यह उल्लेखनीय यात्रा हमारे समाज के हाशिए के वर्गों-गरीबों से लेकर पिछड़े वर्गों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आदिवासियों तथा उत्पीड़ित वर्गों से लेकर महिलाओं एवं युवाओं तक - को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को सही अर्थों में मजबूत करने की रही है। यह भारतीय मानस को बदलने की यात्रा भी रही है-इस देश में कुछ भी संभव नहीं है से लेकर सब कुछ संभव है अगर सरकार और लोगों की इच्छा एवं प्रतिबद्धता हो।

यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के प्रति 135 करोड़ भारतीयों की प्रतिबद्धता ही है जो आज धरातल पर झलक रही है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि अगर किसी नेता के पास कोई नीति एवं कार्यक्रम, संकल्प एवं समर्पण हो, तो हर चुनौती से निपटा जा सकता है और हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सिर्फ बदला ही नहीं है, बल्कि उल्लेखनीय उन्नति और तेजी से विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। आज जब देश च्आजादी का अमृत कालज् मना रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की चुनौतियों एवं समस्याओं से निपटने और उनका हल निकालने के लिए दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है।

आज बदलते भारत के आठ वर्षों की झलक हर भारतीय की आंखों में दिखाई देती है। पिछले आठ वर्षों में हमारी गरीबी दर 22 प्रतिशत से घटकर 1० प्रतिशत रह गई है, जबकि अत्यधिक गरीबी एक प्रतिशत से नीचे गिर गई है और ०.8 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। पिछले आठ वर्षों में जहां हमारी प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है, वहीं हमारे विदेशी भंडार में भी दो गुना वृद्धि हुई है।

आजादी के बाद से पिछले 7० वर्षों में जहां सिर्फ6.37 लाख प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण किया गया था, वहीं नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में अब तक 6.53 लाख स्कूल बनाए गए हैं। पिछले आठ वर्षों में हमारी साक्षरता दर में छह प्रतिशत का सुधार हुआ है, जोकि एक अनुकरणीय उपलब्धि है।

नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में 15 नए एम्स को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1० में कामकाज शुरू हो गए हैं। अन्य पांच में निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है। इसी तरह, डॉक्टरों की संख्या में 12 लाख से अधिक का उछाल आया है। पिछले 8 वर्षों में भारत ने दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सडक़ नेटवर्क बनाया है, वहीं पिछले पांच वर्षों में हमारी सौर एवं पवन ऊर्जा की उत्पादन क्षमता दोगुनी हो गई है।

भारत ने साल दर साल खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड तोड़े हैं। 2०12-13 की अवधि में हमारा खाद्यान्न उत्पादन 255 मिलियन टन था जोकि 2०21-22 में बढक़र 316.०6 मिलियन टन हो गया। यह हमारे अब तक के इतिहास में सबसे अधिक उत्पादन है। कोविड महामारी के कारण वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद, भारत पिछले वित्तीय वर्ष में निर्यात के क्षेत्र में 418 अरब डॉलर का रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहा।

नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में कई नए मानक स्थापित किए गए हैं और देश की सेवा, सुशासन एवं गरीबों के कल्याण में कई मील के पत्थर पार किए गए हैं। भारत ने कोरोना महामारी के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे आगे बढक़र इस लड़ाई का नेतृत्व किया। उन्होंने भारत को सिर्फ एक ही नहीं, बल्कि दो श्मेड इन इंडियाश् टीके दिए। उन्होंने पिछले दो वर्षों में 3.4० लाख करोड़ रुपये के खर्च से 8० करोड़ से अधिक भारतवासियों को मुफ्त राशन प्रदान करने के लिए सरकारी खजाने खोल दिए। भारत ने जहां दुनिया का सबसे बड़ा मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया, वहीं इसका खाद्य वितरण कार्यक्रम भी दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य वितरण कार्यक्रम है। पूरी दुनिया ने भारत की इन दो अहम उपलब्धियों की सराहना की है।

नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले आठ वर्षों के दौरान कई बातें पहली बार हुई हैं। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आम आदमी को जहां मुफ्त चिकित्सा बीमा कवरेज मिला, वहीं किसानों एवं मजदूरों को मासिक पेंशन मिली। पहली बार किसानों को जहां खेती के लिए किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हुआ, वहीं हमारी सरकार ने ही जैविक खेती के लिए एक नीति बनाई।

इसके अलावा, कई अनूठी योजनाएं भी हैं - जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण योजना, स्वच्छ भारत योजना, आवास योजना, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, ग्राम विकास योजना एवं जीएसटी। इन योजनाओं ने न सिर्फ नागरिकों को सशक्त बनाया, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया और भारत को लचीला एवं आत्मनिर्भर बनाया। कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत की सुदृढ़ और मजबूत सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था के पीछे यही कारण है। आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, गति शक्ति योजना, पीएलआई (उत्पादन आधारित प्रोत्साहन) जैसी योजनाओं ने भारत को वैश्विक व्यवस्था के शीर्ष पर पहुंचा दिया है।

पिछली सरकारों में हमारी कुछ चिरस्थायी समस्याओं से निपटने की इच्छाशक्ति की कमी थी, और सब कुछ भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया था। लेकिन समस्याओं से निपटने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवीन एवं निर्णायक दृष्टिकोण ने सब कुछ बदल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण ही अनुच्छेद 37० को निरस्त करना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की कठोर प्रथा को समाप्त करना, सीएए को पारित करना और सीमा पार आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक करना संभव हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी शैली की वजह से ही बेमानी हो चुके 18०० पुराने कानूनों की पहचान हुई और इनमें से अब तक 145० कानूनों को खत्म कर दिया गया है। पिछली किसी भी सरकार ने इसके बारे में नहीं सोचा था। इस कदम से नागरिकों का जीवन आसान हो गया और सरकार की दक्षता में सुधार हुआ।

विदेश नीति एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हमने कई कीर्तिमान बनाए हैं और नए मील के पत्थर पार किए हैं। भारत की विदेश नीति को भारत के लाभ की दृष्टि से फिर से तैयार किया गया है। इराक, यमन, अफगानिस्तान से लेकर यूक्रेन तक के मामले में, भारत ने दुनिया को यह दिखाया है कि एक प्रभावी विदेशी संबंध कैसे नागरिकों का जीवन बचाने में मदद करते हैं। आतंकवाद, ग्लोबल वार्मिंग, ग्लोबल सोलर अलायंस, क्वाड की प्रभावशीलता और हमारे पड़ोसियों के साथ हमारे मजबूत संबंधों के मुद्दों पर भी भारत ने आगे बढक़र नेतृत्व किया है। हमारी विदेश नीति हमेशा सटीक रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आठ वर्ष भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के काल भी रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद ने जहां दुनिया का ध्यान खींचा है, वहीं भारत के खोए हुए सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रतीकों ने अपना गौरव वापस पा लिया है। इनमें काशी विश्वनाथ धाम और केदारनाथ धाम जैसे हमारे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार भी शामिल है। यह अभी शुरुआत है क्योंकि भारत अपने गौरवशाली इतिहास को पुनरू हासिल करने की प्रतीक्षा कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने भी कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और नई ऊंचाइयों को छू लिया है। आज भाजपा 18 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। 2०14 में भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सात राज्यों में सरकारें थीं और आज 18 राज्यों में हमारी सरकारें हैं। राज्यसभा में पहली बार भाजपा ने 1०० सांसदों का आंकड़ा पार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, असम, गोवा, मणिपुर और त्रिपुरा में चुनावी रिकॉर्ड तोड़ दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सफलता का राज यह है कि हमारी पार्टी ने 135 करोड़ भारतीयों का विश्वास और आशीर्वाद अर्जित किया है। आज देश भर के लोग जानते हैं कि केन्द्र में एक ऐसी सरकार है जो उनके कल्याण के लिए काम करती है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के लिए प्रतिबद्ध है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी भारत को बदलने और भारत को एक ऐसा देश बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां सभी एक हों और सुख एवं समृद्धि से लैस हों। एक बार फिर से भारत को एक खुशहाल एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने और खुद को प्रतिबद्ध करने का संकल्प लेने का समय आ गया है।

*(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं)*

## सू- दोकू क्र.091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# अपनी ही राजनीति में उलझी है कांग्रेस

अगले महीने राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं लेकिन लग नहीं रहा है कि कांग्रेस इस मामले में कोई पहल कर रही है। असल में कांग्रेस अभी अपनी ही राजनीति में उलझी है। उसे आंतरिक मसले निपटाने से फुरसत नहीं है इसलिए वह विपक्ष को एकजुट करने की कोई पहल नहीं कर पा रही है। इस बीच राज्यसभा के चुनाव भी आ गए, जिसमें कांग्रेस को किसी तरह से अपने सहयोगियों से लड़-भिड़ कर एकाध अतिरिक्त सीटें हासिल करनी हैं। हालांकि वह प्रयास भी सिरे नहीं चढ़ रहा है। डीएमके ने जरूर एक सीट दी है लेकिन राजद ने सीट नहीं छोड़ी और जेएमएम ने भी अपना उम्मीदवार देने का ऐलान किया है।

इस बीच दूसरी पार्टियां विपक्षी एकजुटता के लिए प्रयास कर रही हैं। हैरानी की बात है कि कांग्रेस पार्टी के इतने नेता हैं, फिर भी कोई पहल नहीं हो रही है, जबकि क्षेत्रीय पार्टियों के नेता अकेले होने के बावजूद देशाटन कर रहे हैं। जो पार्टियां कभी कांग्रेस के साथ गठबंधन में रही हैं या यूपीए का हिस्सा रही हैं वो अलग राजनीति कर रही हैं। उनकी आपस में मुलाकातें हो रही हैं और भाजपा विरोध का मोर्चा बन रहा है लेकिन इस पूरे प्रयास में कांग्रेस कहीं शामिल नहीं है। टीआरएस, सपा, जेडीएस, तृणमूल कांग्रेस, राजद, जेएमएम आदि भाजपा विरोधी पार्टियों के नेता आपस में मिल रहे हैं पर कांग्रेस कोई पहल नहीं कर रही है।

के चंद्रशेखर राव ने बेंगलुरू जाकर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा से मुलाकात की और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के बारे में बात की। एक तरफ राव जेडीएस के साथ मोर्चा बनाने की बात कर रहे हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस के बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि कांग्रेस और जेडीएस का कोई तालमेल नहीं होगा। सोचें, चुनाव अगले साल मई में होने हैं और अगर अभी सिद्धरमैया इस तरह की घोषणा नहीं करते तब भी काम चल सकता था। कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव के लिए जेडीएस से बात कर सकती थी। लेकिन कांग्रेस के नेता खुद ही सहयोगियों से बातचीत का रास्ता बंद करते जा रहे हैं।

उधर महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने महा विकास अघाड़ी सरकार में शामिल दोनों सहयोगी पार्टियों-शिवसेना और एनसीपी के खिलाफ मोर्चा खोला है। वे आगे के सारे चुनाव अकेले लडऩे की बात बार बार कह रहे हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने अधीर रंजन चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना रखा है, जिनका एकमात्र एजेंडा ममता बनर्जी से लडऩा है। ऐसा नहीं है कि ममता बनर्जी के खिलाफ लड़ाई छेड़ कर वे कांग्रेस को मजबूत कर रहे हैं। कांग्रेस मजबूत हो रही होती तो उनका लडऩा समझ में आता। लेकिन एक तरफ कांग्रेस खत्म हो रही है और दूसरी ओर ममता से दूरी इतनी बढ़ती जा रही है कि आगे तालमेल और मुश्किल हो जाएगा। (आरएनएस)

# पहली पत्नी के रहते किया दूसरा विवाह, मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह करने व पहली पत्नी को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव नगर धर्मपुर निवासी चांदनी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह वर्ष 2016 को मौहम्मद अख्लाक खान पुत्र मौहम्मद शाहिद, निवासी मकान टेकचन्द नगर गुरुग्राम, हरियाणा के साथ सम्पन्न हुआ था। विवाह में सास ससुर व पति के इच्छा व मांग अनुरूप दान दहेज सुपुर्द कर विवाह आयोजन किया गया था। उसने बताया कि विवाह के कुछ दिनों बाद से ही उसके ससुराल वाले उसको दहेज के लिए प्रताडित करने लगे थे तथा उसके साथ आये दिन मारपीट गाली गलौच की जाती थी। इस दौरान उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया। उसके पति मौहम्मद अख्लाक खान द्वारा उसके साथ विवाह वैध होने के बावजूद भी उसकी देवरानी शायमा व उसके पिता नवाब, मोहसिन पुत्र अली हसन व उसके ननदोई सराफत के सहयोग से शायना खातुन पुत्री मौहम्मद असरफ, हसनपुर, जिला बिजनौर के साथ 30 जनवरी 2022 को विवाह कर लिया है। उसके पति के द्वारा उसको जान से मारने की नियत से उसके मायके में आकर उसके साथ मारपीट की गयी उसने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचायी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सुस्त गति से चल रहा डामरीकरण का कार्यः धीरेन्द्र

पौड़ी (नसं)। धुमाकोट से बीरोंखाल तक एनएच 121 पर डामरिकरण का कार्य बड़ी सुस्त गति से हो रहा है। कुछ दिनों बाद बरसात में कार्य बन्द रहेगा, कार्य अधिकारी कभी भी साइट पर कार्य की गुणवत्ता देखने नहीं आते। यह बात आज जिलाधिकारी पौड़ी को भेजे गये शिकायती पत्र के माध्यम से पूर्व मंत्री एवं उपाध्यक्ष उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस धीरेन्द्र प्रताप द्वारा कही गयी। उन्होने अनुरोध करते हुए कहा है कि इस सड़क को बढ़िया बनवाने की कृपा करे व डामरिकरण जल्दी करवाए तथा बने हुए कलमठ ऑर कोजवे को दुबारा -दुबारा तोड़ कर जनता के धन का दुरपयोग होने पर रोक लगवाए।

## एप डाउनलोड करा ठगे 55 हजार रुपये

देहरादून (सं)। जीयो कनेक्शन के नाम पर एप डाउनलोड करा कर खाते से 55 हजार रूपये उडा दिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झाझरा निवासी राजीव मैसी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास एक फोन आया जिसने अपने आपको रिलायंस जियो फाइबर टीम का सदस्य होना बताया। उसके द्वारा बतायी साइड पर उसने जियो कनेक्शन के लिए जहां अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 299 रूपये का भुगतान शुरू करने का प्रयास किया जो पूरा नहीं हुआ। जिसके बाद उसको फिर उक्त व्यक्ति का फोन आया उसको उसी साइड से एक एप इंस्टॉल करने के लिए कहा जो उसको ग्राहक संख्या उत्पन्न करने में मदद करेगा। उसने एप डाउनलोड किया और उसके खाते से 55 हजार रूपये गायब हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## गोल्डन फारेस्ट की जमीन दिखाकर ठगे 30 लाख रुपये

देहरादून (सं)। गोल्डन फारेस्ट की जमीन दिखा कर 30 लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मियांवाला निवासी विक्रांत सिंह नेगी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान निरंजनपुर निवासी आदेश गुप्ता से हुई। आदेश गुप्ता ने उसको डांडा नूरीवाला में एक जमीन दिखायी जिसका सौदा 15 हजार 800 रूपये प्रति वर्गगज के हिसाब से हुआ। जिसका अनुबंध पत्र तैयार कर उसने आदेश गुप्ता को तीस लाख रूपये दे दिये। सात माह बाद उसने आदेश गुप्ता से जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम करने के लिए कहा तो वह उसको टालता रहा उसने उसको कई बार टोका लेकिन वह बात को टालता रहा। इसी दौरान उसको पता चला कि उक्त जमीन तो गोल्डन फारेस्ट की है तथा उसपर तो कई वाद न्यायालय में चल रहे है। जिसके बाद वह आदेश गुप्ता के पास गया तो उसने उससे कहा कि जमीन पर मुकदमें चल रहे है उसको रूपयों की जरूरत थी तो उसको जमीन दिखाकर उसने ले लिये। जिसके बाद उसको पता चला कि आदेश गुप्ता ने उसके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सोच बड़ी हो और इरादे बुलंद हो तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता हैः खण्डूडी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। पहली बार में एवरेस्ट फतह कर एवरेस्ट पर राष्ट्रगान गाकर तिरंगा फहराने वाले देहरादून निवासी एयरफोर्स विंग कमांडर विक्रांत उनियाल ने आज उत्तराखंड विधानसभा ऋतु खंडूड़ी भूषण से उनके यमुना कालोनी स्थित शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विंग कमांडर विक्रांत उनियाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर समाजसेवी रविन्द्र जुगरान भी मौजूद थे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की सोच बड़ी हो और इरादे बुलंद हो तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा की विक्रांत उनियाल की उपलब्धि उत्तराखंड के लिए गौरव है। विधान सभा अध्यक्ष ने उनकी प्रभावशाली उपलब्धियों की सराहना की और उनके भविष्य के नए अभियानों के लिए शुभकामनाएं दीं।

बता दें की प्रयागराज में इंडियन एयरफोर्स में तैनात विंग कमांडर विक्रांत उनियाल ने २१ मई को न सिर्फ माउंट एवरेस्ट फतह किया, बल्कि एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर इंडियन फ्लैग



लहराते हुए नेशनल एंथम जन गण मन भी गाया था, वो भी बिना ऑक्सीज़न मास्क के। सोशल मीडिया पर विंग

**❑विक्रांत उनियाल की उपलब्धि उत्तराखंड के लिए गौरवः विस अध्यक्ष**

कमांडर का यह वीडियो तेजी से वायरल भी हुआ है।

विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर विजय पताका फहराने वाले विक्रांत ने बताया कि कि इस ऊंचाई को छूने के लिए कुछ पाने का जुनून, माता–पिता, भाई के साथ अपनों का आशीर्वाद और किस्मत का उन्हे भरपूर साथ मिला, १९९७ में एनडीए और वर्ष २००० में कमीशन पाने वाले विक्रांत ने कहा कि वह खुशकिस्मत हैं कि किस्मत ने उनका पूरा साथ दिया। उन्होने बताया की नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनिंग से उन्होंने पर्वतारोहण का कोर्स किया है। एयरफोर्स में जाने के बाद २०१८ में सियाचिन में आर्मी माउंटेनरिंग इंस्टीट्यूट (एएमआइ) से प्रशिक्षण भी लिया। उन्होने बताया की १५ अप्रैल को एक शेरपा और कुछ पोर्टर के साथ हिमालय के बेस कैंप से चढ़ाई शुरू की और ३६वें दिन एवरेस्ट की चोटी पर फतह की।

# पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले पारदी गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार में पुलिसकर्मियों पर हमला कर अपने साथियों को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने वाले गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अंतर्राज्जीय पारदी गैंग के सदस्य है जिनकी गिरफ्तारी के बाद कई वारदातों का खुलासा किया गया है।

डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. योगेन्द्र सिंह रावत ने बताया गया कि बीती 25 मई को कोतवाली रानीपुर क्षेत्रान्तर्गत शिवालिक नगर गश्त के दौरान चेतक ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियो कां. विजयपाल व कां. प्रीतपाल पर कुछ अज्ञात बदमाशो द्वारा उस वक्त जानलेवा हमला किया गया जब उन संदिग्ध बदमाशों को ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों द्वारा अपराध करते वक्त संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया था। बताया कि हमलावर बदमाश पुलिसकर्मियों से अपने सहअपराधियों को भी छुड़ाकर ले गये एवं ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला कर गम्भीर चोट पहुँचाई गयी थी। हमलें में कां. प्रीतपाल को बांयी आँख में गम्भीर चोट आयी जिस आंख को उपचार के बाद भी नहीं बचाया जा सका।

पुलिस कर्मियों पर हमले के बाद बदमाशों को छुड़ा ले जाने के मामले को गम्भीरता से लेते हुए हरिद्वार पुलिस ने कई टीमें बनाकर बदमाशों की तलाश




शुरू कर दी गयी। बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को पता चला कि उक्त वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशें द्वारा ही अप्रैल एंव मई माह में थाना कनखल क्षेत्र में कुछ जघन्य अपराधों को अंजाम दिया गया है। साथ ही जानकारी मिली कि वह गैंग खानाबदोश पारदी जाति का कुख्यात गैंग है जो पूरे भारत में गम्भीर घटना किये जाने के लिये कुख्यात माना जाता है। जिन पर हरिद्वार पुलिस द्वारा 25-25 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था।

बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को इस बात की जानकारी भी मिली कि गैंग से जुड़े सदस्य हरिद्वार में भी अक्सर मेलो में अपराध करने की नीयत से आते जाते रहते है जो कि घाटों, पार्किंग, सडक किनारे आदि स्थानो पर अस्थायी ठिकाने (तम्बू) बनाकर रहते है और अपराध करने के उपरान्त उक्त स्थान को छोड़ कर चले जाते हैं।

बीती रात पुलिस ने एक सूचना के आधार पर हरिद्वार में घटी इन सभी घटनाओ से सम्बन्धित उस गैंग के पांच सदस्यों को पन्तदीप पार्किग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे पूछताछ में हरिद्वार जनपद में हुई 6 घटनाओं का, जिसमें मुख्य रूप से कोतवाली रानीपुर से सम्बन्धित पुलिस टीम पर हमला एंव सरस्वती विद्या मन्दिर में हुई चोरी, थाना कनखल क्षेत्र अधिवक्ता मनीष मेहता के घर हुई लाखो की चोरी व कनखल की दो अन्य चोरीयो के साथ- साथ थाना सिडकुल में एक चोरी के मामले का भी खुलासा हुआ। बताया कि गैंग के दो सदस्य पुलिस पकड़ से बाहर है जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार बदमाशों के नाम राहुल पुत्र प्रकाश सिन्धी, सन्नी उर्फ समीर पुत्र बुकलिया, मुकेश मारवाड़ी पुत्र अमर सिंह उर्फ भूरा, गुज्जर उर्फ गुर्जन पुत्र स्व. बाबा सिंह व शंकर उर्फ वीरू पुत्र अमर सिंह उर्फ राजू उर्फ भूरा बताये जा रहे है।



## एक नजर

# भाजपा ने 5 राज्यों में होने वाले उपचुनाव के लिए जारी की प्रत्याशियों की लिस्ट

नई दिल्ली। पांच राज्यों में लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव की घोषणा हाल ही में चुनाव आयोग ने की थी। जिसके बाद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव की सभी सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा आजमगढ़ लोकसभा सीट की है, जहां से अखिलेश यादव ने इस्तीफा दिया था। बीजेपी ने इस सीट पर हो रहे उपचुनाव में भोजपुरी के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को टिकट दिया है। उत्तर प्रदेश की रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीट खाली है, जिस पर २३ जून को वोटिंग होनी है। बीजेपी ने रामपुर से घनश्याम लोधी को टिकट दिया है, जबकि अखिलेश यादव की सीट आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी ने फिर भोजपुरी स्टार पर भरोसा जताया है। वहीं त्रिपुरा की ४ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हो रहे हैं, जहां टाउन बोरदोवली से माणिक शाह, अगरतला से अशोक सिन्हा, सुरमा से स्वप्न दास पॉल और जुबराजनगर से मालिना देवनाथ को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की आत्मकूर विधानसभा सीट से गुंदलपल्ली भरत कुमार यादव और झारखंड की मंदर विधानसभा सीट से गंगोत्री कुजुर मैदान में हैं।

# हिजाब पहनकर कॉलेज पहुंची छात्राओं को किया निलंबित !

नई दिल्ली । कर्नाटक में एक बार फिर हिजाब का मुद्दा उठता नजर आ रहा है। दक्षिण कन्नड़ जिले में चेतावनी के बावजूद हिजाब पहनकर पहुंची ६ मुस्लिम छात्राओं को निलंबित कर दिया गया। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में १२ छात्राओं को कक्षाओं में भाग लेने के दौरान हिजाब पहनने के लिए स्कूल से वापस भेज दिया गया। दरअसल, उप्पीनांगडी के प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज में छह छात्राओं को हिजाब पहनने के कारण शुक्रवार को ६ दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। छात्राएं कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए हिजाब पहनकर कॉलेज पहुंची थीं। छात्राओं को समझाइश के बावजूद आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर कॉलेज प्रबंधन की ओर से उन्हें छह दिन के लिए निलंबित किया गया है।



# हमारी जमीन ले लो लेकिन कश्मीर में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दोः मौलवी

अनंतनाग। कश्मीर में लगातार हो रही टारगेट किलिंग के बाद अनंतनाग के एक मौलवी ने ऐसा बयान दिया है जिसकी तारीफ हो रही है। प्रमुख मौलवी ने अनंतनाग में शुक्रवार की सामूहिक नमाज के दौरान कहा कि इस्लाम अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार कर जिहाद की अनुमति नहीं देता है। मौलाना फ़याज़ अमजदी, जामिया मस्जिद अनंतनाग में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के उनके आह्वान का मस्जिद में मौजूद स्थानीय लोगों ने जोरदार समर्थन किया। एक वीडियो के अनुसार, उन्होंने कहा कि वे अपनी जमीन देने को तैयार हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दी जानी चाहिए। मौलाना फ़याज़ अमजदी ने कहा कि अगर कोई मुसलमान जिहाद समझकर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार या हत्या कर रहा है, तो हम इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, श्अगर कोई मुसलमान यह सोचकर ऐसा कर रहा है तो यह जिहाद है, हम इस जिहाद की निंदा करते हैं। इस्लाम ने जिहाद को अल्पसंख्यक या किसी अन्य व्यक्ति पर अत्याचार करने या व्यक्ति को मारने की अनुमति नहीं दी है। मौलाना फैयाज अमजदी ने कहा कि कश्मीर में माहौल खराब नहीं होना चाहिए। मौलाना फयाज ने कहा, अल्पसंख्यकों का ध्यान रखा जाना चाहिए। हम प्रशासन से आग्रह करते हैं, हम सरकार से आग्रह करते हैं कि हम लोग यहां अल्पसंख्यकों के साथ हैं। हम अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों की निंदा करते हैं।



# तिरंगे में लिपटा आया शहीद प्रवीण का पार्थिव शरीर, अंतिम विदाई देने को उमड़ा जनसैलाब



हमारे संवाददाता

टिहरी। देशसेवा करते आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए सेना के जवान प्रवीण सिंह का पार्थिव शरीर आज सुबह उनके पैतृक गांव टिहरी घनसाली पहुंच गया है। तिरंगे में लिपटे हुए जब जवान का शव जब गांव पंहुचा तो उनके अंतिम दर्शन को पूरे गांव में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इससे पहले एयरपोर्ट पर शहीद प्रवीण सिंह को सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

दक्षिण कश्मीर के शोपियां में बीते गुरुवार को एक बम धमाके में टिहरी गढ़वाल के भिलंगाना ब्लाक के पांडोली गांव हाल निवासी लक्ष्य एनक्लेव बंजारावाला देहरादून निवासी प्रवीण सिंह एक बम धमाके में घायल हो गए थे। जहां उपचार के दौरान उन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दे दिया। प्रवीण वर्ष 2011 में सेना में भर्ती हुए थे और 15वीं गढ़वाल राइफल में कश्मीर में तैनात थे। प्रवीण का विवाह वर्ष 2014 में अमिता से हुआ था। वह अपने पीछे छह वर्षीय पुत्र वंश को भी छोड़ गए है। बताया जा रहा है कि वह 27 मई को ही वह अपनी छुट्टियां बिताकर दोबारा ड्यूटी पर गए थे।

बताया जा रहा है कि प्रवीण सिंह का पार्थिव शरीर जम्मू से वायु सेना के विशेष विमान से शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट लाया गया। शनिवार सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास ले जाया गया। गांव से नजदीक मल्गढ़ में बलिदानी की अंतिम यात्रा के लिए गांव के लोग अपने वाहनों पर शहीद की फोटो और तिरंगा लगाकर पहुंचे। गांव के पास बलिदानी को अंतिम विदाई देने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।

वहीं शुक्रवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उत्तराखंड के सपूत को श्रद्धांजलि देते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार बलिदानी प्रवीण सिंह के परिवार के साथ खड़ी है। सरकार की ओर से बलिदानी के लिए जो अनुमन्य राशि निर्धारित की गई है। वह परिवार को जल्द पहुंचाई जाएगी। साथ ही बलिदानी के गांव में किसी विद्यालय या मार्ग का नाम बलिदानी प्रवीण सिंह के नाम पर रखा जाएगा।

# अब यात्रियों को वापस नहीं लौटाया जाएगा

## ❑जिलाधिकारी से वार्ता के बाद व्यापारियों का आंदोलन खत्म

विशेष संवाददाता

उत्तरकाशी/सोनप्रयाग। केदार धाम तथा गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले चारधाम यात्रियों को अब आधे रास्ते से वापस नहीं लौटाया जाएगा। यह खबर उन चारधाम यात्रियों जिन्हें उत्तरकाशी व सोनप्रयाग से वापस लौटाया जा रहा था के लिए तो खुशखबरी है ही, इसके साथ ही उन व्यापारियों के लिए भी अहम है जो इसका विरोध कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि पंजीकरण को लेकर यात्रियों को केदारनाथ के निकटवर्ती पड़ावो से लौटाया जा रहा था हर रोज दो से तीन हजार यात्रियों को वापस लौटाए जाने से यात्रियों में भारी आक्रोश था उनका कहना था कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें दर्शनों से रोका जा रहा है। देश के कोने से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर आने वाले यात्रियों का कहना था कि सरकार की गलत नीतियों और जानकारी न दिए जाने से उन्हें जो परेशानी हो रही है वह अलग है लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी बिना देव दर्शन के उन्हें वापस लौटाया जाना बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है। यात्रियों ने इसका काफी विरोध भी किया था।

यात्रियों की वापसी से स्थानीय व्यापारियों को भी भारी नुकसान हो रहा था होटल व गेस्ट हाउस की बुकिंग कैंसिल हो रही थी जिसके विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंदी कर दी थी। जिला प्रशासन से उनकी मांग थी कि रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए तथा यात्रियों को वापस न लौटाया जाए। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग के साथ होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की वार्ता के बाद यह भरोसा दिया गया है कि अब चारधाम यात्रियों को वापस नहीं लौटाया जाएगा। अगर धामों में क्षमता से अधिक भीड़ होगी तो उन्हें यात्रा मार्गों के पड़ावों पर रोका जा सकता है इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। जिसके बाद सोनप्रयाग के व्यापारियों ने अपना अनिश्चितकालीन बाजार बंद का निर्णय वापस ले लिया है। व्यापारियों ने ऋषिकेश व हरिद्वार में भी यात्रियों को न रोके जाने की मांग की है।

# जोशीमठ बाजार बंद

जोशीमठ। बद्रीनाथ धाम का प्रमुख विश्राम स्थल जोशीमठ है लेकिन प्रशासन द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किए जाने से परेशान कारोबारियों द्वारा आज पूरा बाजार बंद रखा गया जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन ने बीते कल 1 दर्जन से अधिक दुकानदारों के चालान काट दिए थे जिसके विरोध में आज व्यापारियों ने पूरा बाजार बंद रखा। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन व्यापारियों को समझाने-बुझाने व बाजार खुलवाने के प्रयासों में जुटा था।

# सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना पड़ा महंगा

## ❑पुलिस ने तीन लोगों को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना तीन युवकों को भारी पड गया और पुलिस ने तीन युवकों को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि दो युवकों ने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ अपनी पोस्ट डाली हुई है और वह दोनों कैण्ट क्षेत्र में ही रहते हैं। जिसके बाद पुलिस ने युवको की तलाश में चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया जिन्होंने अपने नाम सुहैब खान पुत्र शहनजर निवासी राजीव नगर चमन पुरी व कुर्बान पुत्र मौहम्मद सिददकी निवासी ब्रहमपुरी बताया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सोशली मीडिया पर लगायी फोटों को अपना बताते हुए कहा कि तमंचा ब्रहमपुरी निवासी आसीफ कुरेशी का है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों की निशानदेही पर आसीफ कुरैशी को गिरफ्तार किया। जिसने पुलिस को बताया कि वह बरेली से दो तमंचे लेकर आया था तथा एक तमंचा उसने दिल्ली में किसी को बेच दिया था तथा एक अपने पास रखा था।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*